# आशा दीप कम्यूनिटी कॉलेज

**छात्रावास (बालक एवं बालिका) के नियम एवं विनियम**

ये नियम छात्रावास में रहने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, अनुशासित, स्वच्छ एवं पारिवारिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु बनाए गए हैं। प्रत्येक छात्र/छात्रा से अपेक्षा की जाती है कि वे इन नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ें, समझें एवं उनका कड़ाई से पालन करें।

**आवासीय कार्यक्रम की अवधि:** तीन महीने (90 दिन)

**1. पात्रता एवं प्रवेश**

- छात्रावास सुविधा केवल संस्थान में नामांकित छात्र/प्रशिक्षु को ही दी जाएगी।
- छात्रावास में प्रवेश सीटों की उपलब्धता एवं छात्रावास प्रशासन की स्वीकृति पर निर्भर करेगा।
- प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेज़, फोटो, पहचान पत्र एवं अभिभावक का विवरण जमा करना अनिवार्य है।
- छात्रावास शुल्क संस्थान द्वारा निर्धारित समय पर जमा करना अनिवार्य है।
- आयु सीमा: **18 से 30 वर्ष**।

**2. कक्ष / डॉर्मिटरी आवंटन एवं निवास**

- कक्ष का आवंटन छात्रावास प्रशासन द्वारा किया जाएगा। बिना वार्डन की लिखित अनुमति के कक्ष परिवर्तन वर्जित है।
- प्रत्येक निवासी अपने कक्ष में उपलब्ध फर्नीचर एवं अन्य सामान की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा।
- किसी बाहरी व्यक्ति को कक्ष में ठहराना या उप-किराये पर देना सख्त मना है।

**3. अनुशासन एवं आचार संहिता**

- छात्रावास परिसर में अनुशासन, मर्यादा एवं अच्छा व्यवहार बनाए रखना अनिवार्य है।
- सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रति सम्मान आवश्यक है।
- रैगिंग, बदमाशी, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार का भेदभाव पूर्णतः प्रतिबंधित है।
- गाली-गलौज, झगड़ा या दुर्व्यवहार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**4. छात्रावास समय-सारिणी एवं उपस्थिति**

- छात्रावास के मुख्य द्वार **बंद** रहेंगे:
  - प्रातः 8:45 बजे से 12:45 बजे तक
  - दोपहर 1:45 बजे से 4:00 बजे तक
  - सायं 6:00 बजे से 7:45 बजे तक
- छात्रावास के द्वार **खुले** रहेंगे:
  - रात्रि 8:45 बजे से प्रातः 8:45 बजे तक
  - दोपहर 12:45 बजे से 1:45 बजे तक (दोपहर का भोजन)
- सभी विद्यार्थियों को निर्धारित समय से पहले छात्रावास लौटना अनिवार्य है।
- प्रतिदिन रात्रि 9:00 बजे वार्डन द्वारा उपस्थिति ली जाएगी।
- देर से प्रवेश केवल पूर्व लिखित अनुमति से ही संभव होगा।
- बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रतिदिन **सुबह नाश्ते से पहले एवं शाम को रात्रि भोजन के बाद** अनिवार्य है।

**5. आगंतुक (Visitors) नियम**

- आगंतुकों को केवल **रविवार** को **सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक** अनुमति होगी।
- आगंतुकों को गेट पर आगंतुक रजिस्टर में विवरण दर्ज करना होगा।
- आगंतुक केवल निर्धारित स्थान पर ही मिल सकते हैं, कमरों में प्रवेश वर्जित है।
- **पुरुष आगंतुकों का छात्रावास परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है।**

**6. अवकाश, बाहर जाना एवं रात्रि प्रवास**

- छात्रावास से बाहर जाने से पहले आउटिंग रजिस्टर में विवरण दर्ज करना अनिवार्य है।
- रात्रि प्रवास हेतु वार्डन की लिखित अनुमति एवं अभिभावक की सहमति आवश्यक है।
- आपातकालीन स्थिति में तुरंत वार्डन को सूचित करना होगा।

**7. स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई**

- कमरों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखना प्रत्येक निवासी की जिम्मेदारी है।
- कचरा केवल डस्टबिन में ही डालें।
- सामान्य क्षेत्रों की साफ-सफाई बनाए रखें।
- समय-समय पर कक्ष निरीक्षण किया जा सकता है।

**8. भोजन एवं भोजनालय नियम**

- भोजन निर्धारित समय पर भोजनालय में ही परोसा जाएगा।
- भोजन के बाद बर्तन साफ करना अनिवार्य है।
- भोजन को कमरों में ले जाना मना है, केवल बीमार छात्रों को वार्डन की अनुमति से अनुमति दी जा सकती है।
- भोजन की बर्बादी सख्त मना है, उल्लंघन पर दंड दिया जाएगा।
- त्योहारों या विशेष अवसरों पर रसोई में सहायता करना आवश्यक हो सकता है।

**9. विद्युत उपकरणों का उपयोग**

- हीटर, केतली, इस्त्री, इंडक्शन आदि निजी विद्युत उपकरण बिना अनुमति के उपयोग करना वर्जित
- उपयोग न होने पर पंखे, लाइट आदि बंद रखें। • किसी भी विद्युत खराबी की सूचना तुरंत दें।

**10. सुरक्षा एवं संरक्षा**

- सभी विद्यार्थियों को अपना छात्रावास/कॉलेज पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य है।
- कक्ष की चाबी या एक्सेस कार्ड साझा करना मना है। • किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।
- अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है।
- मोबाइल, लैपटॉप, नकद, आभूषण या दस्तावेज़ की हानि के लिए छात्रावास प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा।
- मूल्यवान वस्तुएँ वार्डन के पास जमा करने की सुविधा उपलब्ध है।

**11. प्रतिबंधित वस्तुएँ**

- शराब, तंबाकू, नशीले पदार्थ पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। • हथियार, पटाखे या खतरनाक सामग्री रखना मना है।
- कमरों में खाना बनाना सख्त वर्जित है।

**12. मौन एवं अध्ययन समय**

- **रात्रि 9:30 बजे से प्रातः 7:30 बजे तक** मौन बनाए रखना अनिवार्य है।
- तेज संगीत, शोर-शराबा या किसी को परेशान करना मना है।
- अध्ययन समय में मोबाइल का उपयोग वर्जित है (केवल वार्डन की अनुमति से)।

**13. स्वास्थ्य एवं आपातकाल**

- बीमारी की स्थिति में वार्डन को सूचित करना आवश्यक है।• आपातकाल में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
- केवल प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध है। • किसी भी पुरानी बीमारी की जानकारी वार्डन को देना अनिवार्य है।

**14. छात्रावास सपत्ति को नुकसान**

- छात्रावास की संपत्ति को नुकसान पहुँचाने पर संबंधित छात्र से जुर्माना वसूला जाएगा।
- दीवारों पर लिखना या पोस्टर लगाना मना है।

**15. शिकायत एवं सुझाव**

- शिकायत या सुझाव लिखित रूप में वार्डन को दिए जा सकते हैं।
- वास्तविक समस्याओं का समाधान गोपनीय रूप से किया जाएगा।

**16. अनुशासनात्मक कार्रवाई** नियमों के उल्लंघन पर निम्न कार्रवाई हो सकती है:

- चेतावनी, जुर्माना या निलंबन • गंभीर मामलों में अभिभावकों से परामर्श के बाद निष्कासन

**17. निवासी द्वारा स्वीकृति**

प्रत्येक निवासी एवं उसके अभिभावक को इन नियमों का पालन करने की सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

**स्व-घोषणा पत्र (Self Declaration)**

मैं, ______________________, पिता/माता ______________________ का पुत्र/पुत्री, ग्राम ______________, थाना

______________, प्रखंड ______________, जिला ______________ का निवासी/निवासिनी,

वर्तमान में **आशादीप कम्युनिटी कॉलेज** में GDA / EDS / **कंप्यूटर / ब्यूटीशियन** का अध्ययन कर रहा/रही हूँ। मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं छात्रावास में **तीन महीने** दिनांक __________ **से** __________ तक रहने के लिए सहमत हूँ। मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है तथा इसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

**स्थान:** मुज़फ्फरपुर **अभिभावक के हस्ताक्षर:** __________________ **मोबाइल नंबर:** __________________

**दिनांक:** __________ **निवासी के हस्ताक्षर:** __________________ **मोबाइल नंबर:** __________________